**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 5028**

**उत्तर देने की तारीखः 01.04.2025**

**स्वच्छता कर्मी**

**5028. श्री के. गोपीनाथ:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से सीवर और नालियों की सफाई के दौरान हुई मौतों का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वर्ष 2014 से खतरनाक सफाई प्रथाओं के कारण मरने वाले स्वच्छता कर्मियों के परिवारों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार क्रमश: 10 लाख रूपये और 30 लाख रूपये के मुआवजे का संवितरण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2014 से असुरक्षित सीवर/सेप्टिक टैंकों की सफाई संबंधी प्रथाओं के कारण आजीवन दिव्यांग हुए कर्मचारियों को कोई मुआवजा वितरित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस बात का प्रमाण होते हुए कि 90 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी दलित समुदायों से जुड़े हैं, क्या सरकार ने स्वच्छता और सफाई क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों की जाति संरचना के संबंध में डेटा नहीं रखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री रामदास आठवले)**

**(क):** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार 2019 से अब तक सीवर/सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई के कारण अपनी जान गंवाने वाले श्रमिकों का वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा **संलग्नक** में दिया गया है।

**(ख):** माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2014 से अब तक खतरनाक सफाई के कारण मरने वाले 636 परिवारों को और 32 सफाई कर्मचारियों को क्रमशः 10 लाख रुपये और 30 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई है।

**(ग) और (घ):** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से दिव्यांगता की कोई घटना सामने नहीं आई है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में जाति का विवरण नहीं दिया जाता है।

**संलग्नक**

**स्वच्छमा कर्मी से संबंधित दिनांक 01.04.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 5028 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

2019 से (अब तक) सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई के कारण होने वाली मौतों का वर्षवार और राज्यवार विवरण

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **2019** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024** | **2025** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | बिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 |
| 3 | दादरा एवं नगर हवेली | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | दिल्ली | 12 | 4 | 4 | 10 | 0 | 7 | 2 |
| 5 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | गुजरात | 23 | 5 | 5 | 7 | 10 | 0 | 3 |
| 7 | हरियाणा | 16 | 1 | 6 | 22 | 6 | 1 | 0 |
| 8 | झारखंड | 0 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 9 | कर्नाटक | 7 | 5 | 7 | 0 | 3 | 2 | 0 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 1 | 0 | 5 | 0 | 2 | 3 | 0 |
| 11 | महाराष्ट्र | 16 | 4 | 7 | 19 | 10 | 9 | 0 |
| 12 | ओडिशा | 0 | 0 | 2 | 0 | | 0 | 0 |
| 13 | पंजाब | 3 | 0 | 2 | 0 | 6 | 1 | 0 |
| 14 | राजस्थान | 5 | 1 | 1 | 0 | 10 | 7 | 0 |
| 15 | तमिलनाडु | 22 | 16 | 3 | 14 | 8 | 6 | 0 |
| 16 | तेलंगाना | 0 | 0 | 4 | 1 | 1 | 3 | 0 |
| 17 | उत्तर प्रदेश | 19 | 0 | 5 | 11 | 1 | 10 | 0 |
| 18 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 6 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **124** | **39** | **62** | **87** | **63** | **50** | **5** |

*****